राज्यभर की खबरें के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | रांची, रविवार 01 सितंबर 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 144 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते तीन गिरफ्तार

**रांची ।** पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते तीन युवक को गिरफ्तार किया किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए शिवा कुमार, मुकेश तिर्की और कुंदन वर्मा को गिरफ्तार किया. इन तीनों की गिरफ्तारी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुक्तिधाम पुल के पास से हुई है. इनके पास से करीब दो ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया.

### गांजा कारोबार से जुड़े तीन लोग गिरफ्तार

**रांची।** गांजा कारोबार से जुड़े तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चुटिया थाना क्षेत्र से गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. एसएसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है. गिरफ्तार व्यक्ति के नाम राज सिंह, मुन्ना भोक्ता और सोनू लोहरा हैं. पुलिस को जानकारी मिली थी कि चुटिया इलाके में गांजा की प्रतिदिन खरीद-बिक्री होती है, जिसके बाद छापेमारी के लिए एक टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने चुटिया इलाके से गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे तीनों लोगों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ है.

### पति-पत्नी के बीच लड़ाई में पति की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के नेवाड़ी पंचायत के कैमा गांव में पति- पत्नी की लड़ाई में पति भुनेश्वर उरांव (40) की शुक्रवार की रात मौत हो गई. बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम साढ़े आठ बजे भुवनेश्वर नशे की हालत में घर आया था. इस बीच पति-पत्नी के बीच झगड़ा शुरू हो गया. इस क्रम पत्नी कलावेती देवी ने पति को जोरदार धक्का दे दिया, जिससे वह मूर्छित होकर जमीन पर गिर गया. इसके बाद पति को उसी हाल में छोड़ कर पत्नी घर के अंदर चली गई. कुछ देर बाद परिजन जब भुवनेश्वर उठाने गए, तो उसकी मौत हो चुकी थी. वहीं पत्नी का कहना है कि पति घर से निकलने के बाद रात को वापस आया ही नहीं था.

### रेल ब्रिज निर्माण में लगे तीन मजदूरों की मौत

**चतरा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन निर्माण में लगी राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के बुकरु साइट में ब्रिज का सरिया खिसकने से तीन मजदूर नीचे दब गये. घटना में एक मजदूर मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं दो मजदूरों को ग्रामीणों ने खीच कर बाहर निकाला. घटना के बाद घायल दो मजदूरों को इलाज के लिए सिमरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की भी मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण व परिजनों का कंपनी सहित रेलवे विभाग पर गुस्सा फूटा. उन्होंने रेलवे विभाग पर मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है.

# लूट की योजना बना रहे पांच अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

## घरों में डकैती व लूटपाट करनेवाले अंतरराज्यीय गिरोह का किया उद्भेदन, पलामू पुलिस ने खदेड़ कर अपराधियों को पकड़ा

- एक कट्टा, छह कारतूस और चार मोबाइल बरामद
- सिंगरा गांव में लूट की योजना बना रहे थे अपराधी

संवाददाता। मेदिनीनगर

सदर थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे सिंगरा गांव स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक के समीप लूट की योजना बना रहे पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाधी निवासी सुरजमल पासवान, गया जिले के गुरुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत काजकुरधियाटांड निवासी उपेंद्र पासवान, हैदरनगर थाना क्षेत्र के सोबा गांव निवासी जितेंद्र पासवान, जपला मुख्य बाजार निवासी आशीष सोनी, हुसैनाबाद के झरगढ़ा निवासी गोविंद प्रसाद गुप्ता शामिल है.

पुलिस ने इनके पास से 0.315 बोर का एक कट्टा व छह कारतूस के अलावा घटना में प्रयुक्त चार मोबाइल जब्त किया है. पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर संदिग्ध गतिविधि देखे जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी की. इस क्रम में वहां बैठे छह लोग पुलिस पर नजर पड़ते ही भागने लगे. पुलिस टीम ने तीन लोगों को खदेड़ कर पकड़ा. पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे लोग इस क्षेत्र के घरों में डकैती की योजना बना रहे थे.



गिरफ्तार अपराधियों के बारे में जानकारी देतीं पलामू एसपी रिष्मा रमेशन.

**जपला के श्रीराम ज्वलेर्स में खपाते थे लूटे गये जेवर :** गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि विगत 22 अगस्त को बजरहा में एक पुलिस के घर में डकैती की घटना में इनलोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ अंजाम दिया था. घरों से लूटे गये जेवर को ये लोग जपला के मुख्य बाजार स्थित श्रीराम ज्वलेर्स में खपाते थे. इनकी निशानदेही पर पुलिस ने डकैती की घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया. छापेमारी दल में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एएसआई नबी अंसारी, भरत भूषण सामड़ व तुलेश्वर प्रसाद रजक, हवलदार एलेक्जेंडर कुजूर और सिपाही धर्मेंद्र ठाकुर, निरंजन कुमार, राजेश उरांव, रामलाल शर्मा व अर्जुन राम थे.

**पलामू, औरंगाबाद और गया जिले में गिरोह सक्रिय :** लूट की योजना बना रहे लोगों का बहुत बड़ा गिरोह है. यह गिरोह औरंगाबाद जिले में हत्या, डकैती एवं लूट के कई घटनाओं में शामिल रहा है. इस गैंग का मास्टर माइंड सूरजमल पासवान व उपेंद्र पासवान है. यह करीब 12 अपराधियों का अन्तरराज्यीय गिरोह है, जो गैंग बनाकर औरंगाबाद, गया एवं पलामू जिला में डकैती व लूट की वारदात को अंजाम देता है. पलामू एसपी श्रीमती रमेशन ने बताया कि श्रीराम ज्वेलर्स में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूटे हुए गहने की बरामदगी एवं इस गैंग में शामिल अन्य आठ से नौ अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है.

## कार सवार दो युवकों से लिफ्ट मांगा, पैसे लूटे और मार कर फेंक दिया

# सनसनी : चतरा के दो युवकों का अपहरण, कोडरमा में एक की हत्या

राजकुमार सिंह। कोडरमा

- दूसरे युवक को भी मरा समझ फेंका, चल रही थी सांसें
- अस्पताल में इलाजरत युवक ने पूरा घटनाक्रम बताया

चतरा जिला के सिमरिया थाना क्षेत्र के धनगढ़ा गांव के दो युवकों का अपहरण कर उनके साथ मारपीट व लूटपाट के बाद अपराधियों ने दोनों युवकों को मार कर कोडरमा की दो अलग-अलग घाटी व जंगल में फेंक दिया. गनीमत रही कि इनमें से एक युवक आकाश की सांसें चल रही थी. पुलिस ने उसे गंभीर हालत में कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचाया. इलाजरत आकाश ने बताया कि वह और हेमराज चतरा से कोडरमा अपने दोस्त को लेने स्टेशन जा रहे थे.

इसी दौरान रास्ते में दो युवकों ने हाथ देकर कार को रोका और उन्हें भी स्टेशन छोड़ देने की विनती की. इस दौरान उनके साथ एक युवती भी थी. कार पर सवार होते ही युवकों ने चाकू निकाला और उनदोनों को अपने कब्जे में लिया फिर मारपीट का गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस दौरान अपहरणकर्ता घर से पैसा मंगाने पर जोर दे रहे थे. उनके साथ लगातार मारपीट भी कर रहे थे. बाद में कुछ दूर जाने पर दो और युवक और एक विवाहिता कार पर चढ़ी. इसके बाद अपहरणकर्ताओं की मारपीट और बढ़ गई. उनके पास में जो पैसे थे, उसे भी लूट लिया.



कोडरमा सदर अस्पताल में इलाजरत आकाश.

**अपहरणकर्ताओं ने मृत समझ दोनों को घाटी में फेंक दिया :** आकाश ने आगे बताया कि अपहरणकर्ताओं ने हम दोनों दोस्तों को मरा समझ कर लठवहिया घाटी में हेमराज को फेंक दिया. मुझे भी मरा समझ कर कुछ दूर ले जाकर नौवा माइल घाटी में सड़क किनारे जंगल में फेंकने के बाद कार लेकर फरार हो गये. सुबह जब लोग जंगल की तरफ से गुजर रहे थे, तो कराहने की आवाज सुन कर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे घायल हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया.

### लुटेरों ने परिजनों से दो लाख की फिरौती मांगी थी

परिजनों के अनुसार आकाश और हेमराज कोडरमा स्टेशन के लिए घर से दो दिन पहले ही निकले थे. शुक्रवार को अचानक आकाश के मोबाइल से परिजनों के पास दोनों के अपहरण और छोड़ने के एवज में फिरौती के लिए फोन आने लगा. सड़क लुटेरों ने दो लाख रुपये फिरौती की मांग की थी. इस बीच शनिवार की सुबह अचानक परिजनों को हेमराज की हत्या और आकाश के मरणासन्न हालत में बरामद होने की सूचना मिली. हेमराज की हत्या गला रेत कर की गई थी, जबकि आकाश के पीठ में चाकू घोंपने के कई निशान मिले हैं.

**सड़क पर लूटपाट करनेवाले गिरोह ने घटना को दिया अंजाम :** घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ जितवाहन उरांव मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. एसडीपीओ ने बताया कि सड़क पर लूटपाट करने वाले गिरोह ने घटना को अंजाम दिया है. लठवहिया घाटी से बरामद शव की पहचान चतरा जिला के सिमरिया धनगढ़ा निवासी ललित कुमार साव के पुत्र हेमराज कुमार के रूप में हुई है. हेमराज के शव को बरामद करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. वहीं, घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अलग-अलग जगहों पर छापेमारी में जुटी है. समाचार लिखे जाने तक किसी भी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी.

## नहीं थम रहा सिपाही भर्ती में मौत का सिलसिला

# बहाली के लिए दौड़ के दौरान गिरिडीह के अभ्यर्थी की मौत

संवाददाता। हजारीबाग



सूरज कुमार. फाइल फोटो

- परिजन बोले- यह बहाली की नहीं, बल्कि मौत की दौड़ है
- शुक्रवार को पलामू में तीन अभ्यर्थियों की हो गई थी मौत

उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए चल रही दौड़ में अभ्यर्थियों की मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है. शुक्रवार को जहां पलामू में शुक्रवार को तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी, वहीं शनिवार को हजारीबाग में एक और अभ्यर्थी की मौत हो गई है. जिले के पदमा पुलिस ट्रेनिंग केंद्र में चल रही बहाली दौड़ में आठ दिन के अंदर अभ्यर्थी की मौत की यह दूसरी घटना है. अब तक राज्य भर में आधा दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है.

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को बहाली दौड़ के दौरान गिरिडीह जिले के मानिकाबाद गांव निवासी सूरज वर्मा बेहोश होकर गिर गया. आनन-फानन में उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अस्पताल में मौजूद मृतक अभ्यर्थी के परिजनों ने बताया कि सूरज काफी होनहार था. उसने जेपीएससी का पीटी निकाल कर मेंस की परीक्षा दी थी और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा था. इस बीच उत्पाद सिपाही बहाली के लिए भर्ती दौड़ में शामिल होने के लिए पदमा स्थित ट्रेनिंग कैंप गया था. यहां दौड़ के दौरान उसकी मौत हो गई.

**पदमा सेंटर की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे परिजन :** इस घटना के बाद परिजन पदमा सेंटर में उपलब्ध व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह बहाली की नहीं, मौत की दौड़ है. उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस बहाली को रोका जाए और अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था की जाए. बता दें कि आठ दिन पूर्व पदमा कैंप में बहाली दौड़ के दौरान मांडू निवासी महेश कुमार की मौत हुई थी. उसके परिजनों ने इलाज में अनियमितता का आरोप लगाया था.

# जंगली हथियों के झुंड ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया



बालूमाथ के चमरेगा गांव में क्षतिग्रस्त घर और पीड़ित गृहस्वामी.

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

प्रखंड क्षेत्र के चमरेगा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने शुक्रवार की रात जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज भी चट कर गए. पीड़ित फुलदेव उरांव, विजेंद्र उरांव, राजकुमार उरांव ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड अचानक गांव में आ धमका और घरों को ध्वस्त करने लगा. वे लोग किसी तरह जान बचाकर पूरे परिवार के साथ घर से बाहर निकले और टॉर्च के लाइट के सहारे हाथियों को खदेड़ा.जंगली हाथियों के उत्पात में जिन परिवारों का घर ध्वस्त हुआ है, अब उनके सामने बारिश के मौसम में सिर छुपाने की जगह नहीं बची है. ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के झुंड को दूर खदेड़ने एव जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें तत्काल मुआवजा देने की मांग की है. बता दें कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में आए दिन हाथियों द्वारा उत्पात मचाने का मामला सामने आते रहता है, लेकिन वन विभाग की टीम हाथियों को दूर भगाने में अब तक विफल रही है.

## भाजपा नेता लाल सूरज ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा कांग्रेस का दामन, बोले

# भाजपा में नहीं मिलता है मान सम्मान विकास की सोच से कोसों दूर है पार्टी

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें पलामू से भाजपा नेता लाल सूरज सिंह ने रांची से चेतना सागर, डॉ. पी नैय्यर, एडवोकेट खुर्शीद आलम, मीरा हमीद महुआडाड़, लातेहार से शशि पन्ना ने सैकड़ों लोगों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की. लाल सूरज सिंह पूर्व मंत्री मधु सिंह के बेटे हैं.

मौके पर केशव महतो कमलेश ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को माला एवं अंगपट्टिका पहना कर सदस्यता ग्रहण कराई. सदस्यता ग्रहण करने वाले नवागंतुकों का स्वागत करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस की अपनी नीतियां, सिद्धांत है गौरवशाली इतिहास है. देश की आजादी से लेकर देश के निर्माण में क्या योगदान रहा है. कांग्रेस के लोगों का क्या त्याग और बलिदान रहा है यह किसी से छिपा नहीं है. आज जिन लोगों ने भी कांग्रेस से जुड़ने का निर्णय लिया है वह किसी स्वार्थवश नहीं बल्कि कांग्रेस विचारधारा से प्रभावित होकर जुड़े है. इसका सकारात्मक परिणाम आने वाले विधानसभा चुनाव में विभिन्न क्षेत्रों में पड़ेगा.



समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता लेते लाल सूरज.

# गोला प्रखंड के पूर्व नाजीर को अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दंड

संवाददाता। रामगढ़

**कार्रवाई**

- अवैध निकासी और 44 लाभुकों को चेक नहीं देने का मामला
- तत्कालीन गोला बीडीओ पर प्रपत्र- क का गठन किया जाएगा

वर्ष 2014 से 2015 तक गोला प्रखंड कार्यालय में मनरेगा अंतर्गत एफटीओ के प्रथम हस्ताक्षरी के पद पर पदस्थापित व तत्कालीन गोला प्रखंड के नाजीर सह उर्दू अनुवादक मोहम्मद गुलाम रसूल को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई है. योजनाओं की राशि की अवैध निकासी के आरोपी नाजीर के खिलाफ डीडीसी के प्रतिवेदन के आधार पर डीसी चंदन कुमार ने यह विभागीय कार्रवाई की है.

बता दें कि गुलाम रसूल पर मनरेगा की 124 योजनाओं में कुल 59 योजनाओं में जालसाजी कर अवैध तरीके से 74 लाख 62 हजार 632 रुपये की सुनियोजित तरीके से अवैध निकासी करने का आरोप था. उसने अपने कार्यकाल के दौरान निर्गत किए गए 44 चेक का वितरण लाभुकों को नहीं किया था. आरोपों की जांच के बाद डीसी ने कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकारी सेवक नियमावली के अनुरूप मोहम्मद गुलाम रसूल के विरुद्ध अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दंड अधिरोपित किया. संबंधित मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण संबंधित बाद में पारित आदेश के अनुरूप अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश प्रभावित होगा. उपायुक्त ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करने के लिए तत्कालीन गोला बीडीओ पर प्रपत्र- क गठित करने का निर्देश दिया है.

## सुविधा | मरीजों का ख्याल रखने के लिए सदर अस्पताल, रांची प्रबंधन की नई पहल

# कियोस्क सेल्फ हेल्प सिस्टम से मिलेगी हर तरह की जानकारी

आकर्ष अनिकेत। रांची

सदर अस्पताल ने अब राजधानी की हेल्थ सुविधा को नए मुकाम तक पहुंचाने की ठान ली है. कैंसर सर्जन की बहाली के साथ आयुष्मान भारत के इस्तेमाल में नई ऊंचाइयां हासिल करने के बाद सदर अस्पताल ने मरीजों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत की है. अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए कियोस्क सेल्फ हेल्प सिस्टम की शुरुआत की गई है. कियोस्क सेल्फ हेल्प सिस्टम से मरीज या उनका इलाज कराने आए परिजन आसानी से अस्पताल की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे. मरीज अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में सारी जानकारी कियोस्क सिस्टम से ऑनलाइन ही प्राप्त कर सकेंगे, ताकि इलाज के दौरान उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा.



**लगे हैं आठ कियोस्क सिस्टम :** सदर अस्पताल में कुल आठ कियोस्क सिस्टम लगाये गए हैं. अस्पताल की पुरानी और नई बिल्डिंग दोनों में ही इस सुविधा की व्यवस्था की गयी है. सभी आठ कियोस्क सिस्टम अस्पताल के अलग-अलग हिस्सों में लगाए गए हैं, ताकि इलाज कराने आये लोग इधर-उधर भटकने की बजाय सिस्टम से तत्काल सभी प्रकार की जानकारी हासिल कर सकें.

### ओपीडी, मेडिसिन सेंटर की भी जानकारी मिलेगी

कियोक्स सिस्टम से मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध करायी जा रही हर सुविधा की जानकारी मिलेगी. कौन डॉक्टर किस दिन बैठते हैं, अस्पताल में कौन-सा वार्ड कहां और किस फ्लोर पर है,ये सारी जानकारी सिस्टम के जरिए प्राप्त हो सकेगी, जिससे मरीजों को इधर -उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी. इसके साथ ही अस्पताल में और कौन-कौन सी सुविधा उपलब्ध है, दवाएं कहां मिलेंगी, पैथोलॉजिकल जांच से अन्य जांच की सुविधा कहां-कहां है, कौन सा अपीडी कहां हैं, इन सारी बातों की जानकारी मिल सकेगी.

**रेट चार्ट के साथ हर तरह के टेस्ट की जानकारी उपलब्ध :** अस्पताल में किसी मरीज के साथ ठगी न हो, इसके लिए कियोस्क सिस्टम में हर तरह की जाच की पूरी लिस्ट रेट चार्ट के साथ उपलब्ध करायी गयी है. मरीज कभी भी जाकर चेक कर सकते हैं कि अस्पताल में किस-किस तरह की जांच की सुविधा की उपलब्ध है और टेस्ट का रेट क्या है, ताकि उन्हें टेस्ट के लिए अधिक पैसे न देने पड़े. जानकारी के अनुसार अस्पताल में मरीजों व उनके अटेंडेंट के लिए और कई भी नई सुविधाएं जोड़ने की तैयारी की जा रही है.

# 100 गैलन में रखा 4,000 लीटर स्प्रिट जब्त

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

- अंतरराज्यीय सिंडकेट का उद्भेदन, दो तस्कर गिरफ्तार
- पत्थर डस्ट के बीच छुपाकर बिहार भेजा जा रहा था स्प्रिट

पुलिस ने शुक्रवार की देर रात अंतरराज्यीय गिरोह द्वारा तस्करी के लिए बिहार भेजे जा रहे 100 गैलन में भरे चार हजार लीटर स्प्रिट को जब्त किया है. स्प्रिट को एक हाइवा में पत्थर डस्ट के बीच छिपा कर ले जाया जा रहा था. पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. बालूमाथ थाना में शनिवार को एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि 30 अगस्त को लातेहार एसपी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि नकली शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला स्प्रिट से लदा एक 10 चक्का हाईवा चंदवा से बालूमाथ होते हुए बिहार की तरफ जानेवाला है.

एसडीपीओ सत्यम के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने बालूमाथ-चतरा स्थित मुख्य मार्ग पर गौतम धर्मकांटा के पास एनएच- 22 पर वाहनों का चेकिंग करना प्रारंभ किया. चेकिंग के दौरान 10 चक्का हाइवा (जेएस19बी- 3447) की तलाशी ली गई, तो उसमें स्टोन डस्ट में छुपा कर रखे प्लास्टिक के 100 गैलन बरामद किये गये. सभी गैलन में 40 लीटर स्प्रिट था. पुलिस ने हाईवा के चालक टमटमटोला निवासी शंकर साव और अवैध शराब सिंडिकेट के सदस्य अरूण साव को गिरफ्तार किया है. दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद पुलिस ने सात नामजद व 10-12 अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ बालूमाथ थाना में मामला दर्ज किया है. छापेमारी दल में एसडीएम आशुतोष कुमार सत्यम, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार कुमार उपाध्याय, बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर, दारोगा संतदेव कुमार, होसेन डांग, विकास कुमार, अमित कुमार रविदास शामिल थे.



हाईवा से बरामद स्प्रिट.

## ब्रीफ खबरें

### पीवीटीजी गांव के लिए जागरूकता रथ रवाना

**लातेहार।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के जिए शनिवार को समाहरणालय परिसर से तीन जागरूकता रथ रवाना किया गया. आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने हरी झंडी दिखाकर तीनों जागरूकता रथ को रवाना किया. इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा. मौके पर आईटीडीए निदेशक ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनों को इस अभियान की जानकारी दी जाएगी. इस दौरान उन्होंने उक्त योजना से संचालित कार्यों पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने बताया की जागरुकता रथ के माध्यम से पीवीटीजी गांव के आदिम जनजाति परिवार के लोगो को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा.

### बालू लदे चार ट्रैक्टर पुलिस ने जब्त किए

**हरिहरगंज/पलामू।** पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में बीते शुक्रवार की रात और शनिवार की अहले सुबह अवैध तरीके से बालू खनन करने के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया. इस दौरान अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध बालू से लदे स्वराज कंपनी के चार ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है. उन्होंने बताया कि दो ट्रैक्टर ढाब के पास से और दो ट्रैक्टर मेन रोड स्थित वन विभाग चेकनाका के पास से जब्त की गई है.

### कृषि गणना के सर्वेक्षण को लेकर मिला प्रशिक्षण

**गढ़वा।** 11वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण के सर्वेक्षण कार्य के लिए शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया. इस दौरान प्रतिभागियों को नई कृषि गणना वेब पोर्टल एवं पावर प्वाइंट के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री के लिए आईटी मैनेजर ने विस्तृत प्रशिक्षण दिया. साथ ही प्रतिभागियो को कृषि गणना द्वितीय व तृतीय चरण का काम एक सितम्बर से 31 दिसम्बर तक समाप्त करने का निर्देश दिया गया. मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे.

### मेदिनीनगर में कल निकलेगा ढिबरी जुलूस

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र में बिजली की समस्या दिनों दिन बदतर होते जा रही है. कहीं ट्रांसफार्मर जला हुआ है तो कहीं बिजली के तार झूल रहे हैं. कहीं-कहीं तो बिजली का खंभा भी नदारद है. पांकी विस क्षेत्र वासी अब बहुत बर्दाश्त कर लिए. अब सब्र टूट रहा है. इन समस्याओं को लेकर 2 सितंबर को मेदिनीनगर में ढिबरी व लालटेन के साथ प्रदर्शन होगा. इसके बाद भी यदि विभाग ने बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो बेमियादी प्रदर्शन किया जाएगा. उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने कही. विधायक डॉ मेहता ने बिजली विभाग के पदाधिकारी को भ्रष्ट बताते हुए कहा कि वे कामचोरी करते हैं. पदाधिकारी कार्यालय कभी नहीं जाते बल्कि घर से ही बैठकर विभाग का काम चलाते हैं.

### चिनियां में थाना दिवस पर कई मामलों का निपटारा

**चिनियां।** गढ़वा जिले के चिनियां थाना में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया. थाना दिवस में करीब 15 मामले आये. जिसमें करीब नौ मामलों का निपटारा किया गया. मौके पर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, चिनियां थाना के एसआई सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

**उत्पाद सिपाही बहाली:** एमएमसीएच में कुव्यवस्था के खिलाफ भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

# राज्य सरकार निकम्मी व नाकारा साबित हुई : अमित

संवाददाता। मेदिनीनगर



एमएमसीएच मुख्य गेट के बाहर प्रदर्शन करते भाजयुमो कार्यकर्ता.

पलामू जिले में उत्पाद विभाग सिपाही बहाली को लेकर चियांकी में दौड़ परीक्षा चल रही है. इस बहाली प्रक्रिया के दौरान कई अभ्यर्थी बेहोश हो रहे हैं. वही इन अभ्यर्थियों के इलाज के लिए एमएमसीएच में कोई व्यवस्था नहीं है. इसे लेकर पलामू भाजयुमो ने शनिवार को एमएमसीएच के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता व संचालन मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने किया. धरना में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने हेमंत सोरेन सरकार को निकम्मा व नकारा बताते हुए कहा कि यह सरकार राज्य के युवाओं के साथ केवल छलावा कर रही है. राज्य भर में उत्पाद सिपाही की भर्ती प्रक्रिया में कुव्यवस्था है. मेदिनीनगर में अभ्यर्थियों के लिए न तो पानी, न शौचालय और न ही आसपास में भोजन के दुकान की व्यवस्था है. दौड़ में शामिल अभ्यर्थियों को स्थानीय अस्पताल में बेड भी नहीं मिल रहा है. बीते दो दिनों के अंदर तीन अभ्यर्थियों ने अपनी जान गंवा दी.

उन्होंने कहा कि इस सरकार के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है और अब लोगों के बीच इस सरकार के कार्यों का पर्दाफाश करेगी. धरना को सोमेश सिंह, श्वेतांक गर्ग, छोटू सिंह, विकास सिंह, प्रधान कुमार, विश्वजीत पाठक, शशि भूषण पांडे, अभिमन्यु तिवारी, विजय विश्वकर्मा, प्रिया रंजन कुमार, चंद्रकांत सिंह, शुभम गुप्ता, प्रकाश राय, विंग्स कुमार, श्रवण गुप्ता, विकास, संदीप, अजीत प्रजापति, अखिलेश्वर, आदि ने संबोधित किया. धरना में युवा मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### हिमंता बिस्वा शर्मा से मिले डॉ ईश्वर चंद्रवंशी



**बिश्रामपुर(पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी रांची प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रभारी हिमंता बिस्वा शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की. साथ ही गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया. दोनों नेताओं की यह मुलाकात रांची के रेडिसन ब्लू होटल में हुई. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई. श्री चंद्रवंशी ने हिमंता बिस्वा शर्मा को पलामू प्रमंडल के वर्तमान राजनीतिक हालात की भी जानकारी दी. विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा के राजनीतिक परिदृश्य से भी अवगत कराया. साथ ही अपने संस्थान विश्रामपुर आने का प्रस्ताव भी रखा. असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रभारी ने उनके निमंत्रण स्वीकार करते हुये विश्रामपुर आने का भरोसा भी दिलाया. मौके पर कई लोग मौजूद थे.

### चंदवा में नवयुवक संघ पंचायत समिति का गठन



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कामता पंचायत के युवाओं ने नवयुवक संघ पंचायत समिति का गठन किया है. समिति का उदेश्य गांव व पंचायत का चहुंमुखी विकास में सहयोग प्रदान करना है. सर्वसम्मति से समिती का अध्यक्ष अमृत प्रजापति को बनाया गया. समिति का विस्तार अगली बैठक में किया जायेगा. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राजेश टाना भगत ने इसे एक सराहनीय पहल बताया. उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में सामाजिक सोच बहुत कम देखने को मिलता है. युवकों के इस पहल से वे काफी खुश हैं. उन्होंने जात- पात व धर्म संप्रदाय से उपर उठ कर समाज के लिए काम करने की अपील की. मौके पर कौलेश्वर राम व संजय राम समेत कई लोग उपस्थित थे.

### हाथियों के झुंड ने फसल को बर्बाद किया



**गारू(लातेहार)।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बारेसांढ़ गांव में शुक्रवार की रात्रि में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. बारेसांढ़ ग्राम प्रधान कन्हाई सिंह के तिनकोनिया दोहर में दो एकड़ खेत में लगे धान के फसल को रौंद क़र बर्बाद कर दिया.ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार रात्रि में विजय सिंह के खेत में लगे फसल को भी बर्बाद कर दिया है. इधर, हाथियों के आतंक से आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं. जंगलो से निकलकर गांव तक पहुंच रहे हाथी को लेकर ग्रामीण भयाक्रांत हैं. फसलों की सुरक्षा को लेकर जगह -जगह पर मोर्चा बनाकर वनकर्मी रहते थे जो अब नहीं रहते हैं. मोर्चा नहीं रहने के कारण आसानी से हाथी गांव तक पहुंच जा रहा है. हाथी गांव तक नहीं पहुंचे इसे रोकने के लिए वन विभाग को कारगर व ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. उप निदेशक कुमार आशीष ने बताया की हाथी गांव तक नहीं पहुंचे इसके लिए विभाग समुचित कदम उठाएगी. फसल की क्षतिपूर्ति का प्रावधान है. सभी कागजी प्रक्रिया को पुरे होने के बाद पीड़ित किसान को मुआवजा प्रदान की जाएगी.

### एसआईपी अर्थमैटिक जीनियस कॉन्टेस्ट



**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा तीन का छात्र निर्मय कुमार पांडेय ने अखिल भारतीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता 2024 के सीजन 9 एसआईपी अर्थमैटिक जीनियस कॉन्टेस्ट के दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया है. सदर मेदिनी नगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह गांव निवासी नितिन कुमार पांडे व रंजना पांडे के पुत्र निर्मय कुमार पांडे इस सफलता पर लोगों ने खुशी का इजहार किया है. विजेता प्रतिभागी छात्र निर्मय कुमार पांडे ने बताया कि सात अगस्त को आयोजित पहले राउंड में कई कठिन सवाल थे और इसे एक निर्धारित समय में पूरा करना था लेकिन मैं इसमें बेहतर कर पाया इसकी मुझे काफी खुशी है. बता दें कि निर्मय कुमार पांडे के पिता नितिन कुमार पांडे अधिवक्ता व उनकी मां रंजना पांडे गृहिणी हैं. दोनों ने बेटे की सफलता पर बताया कि इस प्रतियोगिता में लाखों विद्यार्थी शामिल होते हैं. ऐसे में यदि कोई प्रतिभागी बेहतर करता है तो खुशी मिलती है.

### डीसी ने की विभिन्न दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**मेदिनीनगर।** फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में राजनीतिक दल के सभी प्रतिनिधियों को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की एक-एक प्रति उपलब्ध कराते हुए अनुरोध किया कि वे मतदाता सूची की अच्छी तरह जाँच कर लेंगे, यदि किसी व्यक्ति का नाम अभी तक मतदाता सूची में निबंधित नहीं है तो प्रपत्र 06 के माध्यम से नाम निबंधन हेतु आवेदन समर्पित करवाने में सहयोग करें. साथ ही गलत विलोपन वाले प्रविष्टि का यदि कोई मामला संज्ञान में आता है तो उसकी जानकारी अवश्य उपलब्ध कराएँ. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं स्वच्छ बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है.

डीसी ने योजनाओं की जांच की, दिए कई दिशा निर्देश

# शिविर में आयी समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन: उपायुक्त

संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)



परिसंपति का वितरण करती उपायुक्त.

उपायुक्त गरिमा सिंह कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के चयनित पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसका उदेश्य आम लोग सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सके. ग्रामीण इन शिविरों में समस्या को सीधा रख सकते हैं. समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन किया जायेगा. उपायुक्त प्रखंड के पोखरी कला पंचायत में आयोजित विशेष शिविर को संबोधित कर रही थी. उन्होने खुद योजनाओं का लाभ लेने एवं दूसरे लोगों को भी इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की. इससे पहले उपायुक्त श्रीमती सिंह, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर व अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी. शिविर में उपायुक्त ने परिसंपतियों का भी वितरण किया. उन्होने लाभुकों के बीच झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया. इसके अलावा सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों के बीच साड़ी एवं लूंगी वितरित किया. पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं छह बच्चों की मुंहजुठी करायी गयी. मौके पर सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, डीइओ प्रिंस कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा मिंज समेंत कई अधिकारी मौजूद थे.

**उपायुक्त ने योजनाओं की जांच की**

बरवाडीह (लातेहार)। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों का का दौरा किया. केचकी ग्राम में लाभुक नीलम देवी का आम बागवानी व दीदी बगिया के कार्यों का औचक निरीक्षण कर उसके देखरेख एवं रख रखाव से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिया. मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम के लाभुक टिनम परहिया का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कूप का निरीक्षण किया. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आदिम जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर पठन पाठन व विद्यालय में बच्चों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया. उपायुक्त ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई व मिल रहे सुविधाओ के बारे में जानकारी ली.

### प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत शिविर का आयोजन

**गारू (लातेहार)।** केंद्र सरकार द्वारा आदिम जनजातियों के विकास के लिए चलाये जा रहे प्रधानमंत्री जनधन योजना के द्वितीय चरण में गारू प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया. शिविर में बीडीओ संतोष बैठा, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, राजस्व उप निरीक्षक ओमप्रकाश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका श्वेता कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे. शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाकर आदिम जनजातियों को लाभान्वित किया गया.

**स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश :** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत सचिवालय में पीएम जनधन फेज-2 के तहत आदिम जनजातियों की विकास हेतू शिविर लगाया गया.

### पुलिस इंस्पेक्टर ने सुदेश्वर रजवार हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर।** नदी की बीच धारा में फंस गए एक व्यक्ति को निकालने को लेकर प्रोत्साहित करते हुए पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान व बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने सुदेश्वर रजवार को सम्मानित किया है. उन्होंने सुदेश्वर रजवार को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र के साथ 1000/- नगद देकर पुरस्कृत किया. दरअसल, 30 अगस्त दिन शुक्रवार को अचानक खुटीसोत नदी में जलस्तर बढ़ गया और इस दौरान विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बघमनवा गांव निवासी बिगन मांझी, पिता मंशी मांझी नदी के बढ़े हुए जलस्तर एवं तेज बहाव के बीच फंस गए. यह देख विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी सुदेश्वर रजवार पिता भदई रजवार ने साहस का परिचय देते हुए नदी की बीच धारा से बिगन माझी को सकुशल बाहर निकाला. मौके पर पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि आपदा की स्थिति में कुशल व्यक्ति को एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा आगे आना चाहिए.

### पूरे तंत्र पर अफसर शाही हावी : गिरिनाथ

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा सफलता पूर्वक जारी है. इस दौरान गढ़वा प्रखण्ड के अंतर्गत पिपरा पंचायत के ग्राम-पिपरा के मदरसा, पंचायत भवन, हरिजन टोला, ग्राम-बाना, महुअरी बाना, साव टोला एवं करुआ काला के पंचायत ग्राम-मसुरिया काला मंदिर में पूर्व मंत्री ने जनसंपर्क किया. मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज पूरे तंत्र पर अफसरशाही हावी हो गयी. जिस कारण हम लोगों की मदद नहीं कर पा रहे है. उन्होंने आगे कहा कि पंचायती राज ढकोसला है और हम सब यही ढकोसलागिरी का विरोध कर रहे है.

# 23 पुलिस पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू एसपी ने 23 पुलिस पदाधिकारियों का एक जगह से दूसरे जगह स्थानांतरण किया है. स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों में शहर थाना से निर्भय कुमार सिंह को रअनि द्वितिय पुलिस केन्द्र, निर्मल कुमार सिंह को छतरपुर से हुसैनाबाद थाना, पुअनि अशर्फी कुमार को विश्रामपुर से पांडू थाना, सुबोध कुमार-3 को पांडू थाना से पलामू एसपी कार्यालय के उच्च न्यायालय कोषांग का प्रभारी, धनंजय कुमार प्रजापति को पुलिस नियंत्रण कक्ष से एसपी कार्यालय के अभियोजन कोषांग का प्रभारी, एनाम अली को महिला थाना से एसपी कार्यालय हिन्दी शाखा, राजीव कुमार - 02 को सतबरवा से छतरपुर थाना, सुनील कुमार चौधरी को पाटन से छतरपुर महिला थाना, विक्रम सिंह को महिला थाना हुसैनाबाद से छतरपुर थाना, भगवान सिंह को छतरपुर से विश्रामपुर थाना में स्थानांतरित किया गया है. इसी तरह पुलिस केंद्र से भगवान पूर्ति को चैनपुर थाना, दुर्गा हेस्सा को सतबरवा थाना, अजय कुमार रजक को एसपी कार्यालय के अवकाश शाखा का प्रभारी नूतन जसीन्ता खलको को महिला थाना शहर, कुमार नीरज को सतबरवा थाना व मिथलेश कुमार सिंह को हुसैनाबाद थाना, संतोष कुमार- 03 को छतरपुर महिला थाना से पाटन रंजीत कुमार को विश्रामपुर से एसडीपीओ कार्यालय सदर, परमानंद पाल को विश्रामपुर से व संजय कुमार सिंह - 02 को नावा जयपुर से छतरपुर थाना, राजकिशोर महतो को कुहकुह कला पिकेट से डगरा, बद्रीनाथ सिंह को झगड़ा पिकेट से पुलिस केंद्र, रविरंजन सिंह को सरईडीह पिकेट से नावा जयपुर थाना में स्थानांतरित किया गया है.

वित्तीय वर्ष 2024-25 अबुआ आवास योजना का किया अनुमोदन

# जिलास्तरीय अपीलीय समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता। मेदिनीनगर



जिलास्तरीय अपीलीय समिति की बैठक करते डीसी

अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास अनुमोदन स्वीकृति को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को जिलास्तरीय अपीलीय समिति की बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने ग्राम सभा से प्रस्तावित व बीडीओ द्वारा अनुशंसित योग्य लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर दिया. साथ ही योग्य लाभुकों की सूची को सभी प्रखंड कार्यालय व पंचायत भवन के सूचना पट्ट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने का आदेश दिया. साथ ही प्रखण्ड द्वारा जिला को समर्पित सूची का प्रखण्ड व पंचायत स्तर से टीम बनाकर पुनसर्त्यापन कराने एवं सूची में सभी योग्य लाभुक होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया गया. स्वीकृति सूची में किसी भी अयोग्य लाभुक का नाम पाये जाने पर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव जवाबदेह होंगे व लाभुक का आवास स्वीकृति रद्द कर राशि वसूली की कार्रवाई की जायेगी. साथ ही गलत सूची समर्पित वाले पंचायत सचिवों के विरुद्ध बर्खास्त की कार्रवाई की जायेगी. जिला स्तर से टीम गठित कर भी संबंधित सूची का सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया. प्राथमिकता क्रम के वैसे लाभुक जो दस्तावेज नहीं जमा करने के कारण अयोग्य की सूची में शामिल किया गया है या अस्थायी पलायन के कारण दस्तावेज जमा नहीं कर पाये है उन्हें 01 सप्ताह के अंदर प्रखण्ड/पंचायत कार्यालय में दस्तावेज जमा करने का आदेश दिया गया. बैठक में जिप अध्यक्ष प्रतीमा देवी, डीडीसु शबीर अहमद, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, हुसैनाबाद, डालटनगंज, छतरपुर व मनिका के विधायक प्रतिनिधि, परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर, प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार आदि उपस्थित थे.

**युवा संसद** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में युवा संसद सभा का आयोजन हुआ

# सत्र में छात्रों को ने गंभीर मुद्दों पर जमकर चर्चा की

संवाददाता। मेदिनीनगर



युवा संसद सभा में प्रतिभाग करते बच्चे.

**खास बातें**

- छात्रों की प्रतिभा को उड़ान मिले यही लक्ष्य है :डॉ ए के सिंह
- छात्रों ने संसद की कार्रवाई को लेकर अपनी राय भी दी

स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को युवा संसद सभा का आयोजन किया गया. सभा में महिला सशक्तिकरण, खाद्य सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, कोल और माइंस संबंधी बहुविधिक विषयों पर चर्चा हुई. युवा संसद की बैठक में 60 सक्रिय छात्रों और संबंधित प्रभारी शिक्षकों की भागीदारी ने इसे सफल बनाया. सत्र में ऊर्जावान, अनुशासित और प्रभावशाली छात्रों को सामाजिक पेशेवर तथा शिष्टाचार की महत्वपूर्ण जानकारी दी. वक्ताओं ने नये सदस्यों और मंत्रियों का परिचय, प्रश्नकाल, सत्र-भंग, संचार एवं विकास, खाद्य एवं आपूर्ति, सुरक्षा एवं कानून, धार्मिक रीति-रिवाजों एवं शोक संवेदना जैसे विभिन्न समस्याओं एवं सुझाव पर गहन चर्चा की गई. पार्टियों ने संसद में अपने मंत्री द्वारा चर्चित बिन्दुओं पर उपस्थिति दर्ज कराई. विभिन्न पदों के लिए प्रधानमंत्री-हर्षित कुमार दसवीं, स्पीकर-प्रतीक्षा प्रभात ग्यारहवीं, नेता प्रतिपक्ष-अर्णव राज दसवीं एवं मार्सल-कृशराज नवीं, मिनिस्टर स्टील एंड माइन्स-खुशल आनन्द, कृषि मंत्री-हैरी रंजन, अर्बन विकास मंत्री-कनिका, श्रममंत्री- आदित्य, सामान्य सचिव-आद्विक अग्रवाल, युवराज पांडे, राज पांड, प्रेस- नैतिक एवं अंकित, फोरेन डेलिगेट्स-आयुष, पियुष, अदिति, कम्यूनिकेशन मंत्री- आस्था शर्मा, खाद्य मंत्री- ईशान्त, ऊर्जा मंत्री-इशिता गर्ग आदि थे. प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि छात्रों की गोपनीय प्रतिभाओं को उड़ान मिले यही शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप मंडल, गौरव कुमार, शिल्पी गुप्ता, बबलू प्रजापति समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे.

### हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में डायरिया के चार मरीज भर्ती

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में प्रतिदिन डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में चार नए रोगियों को भर्ती किया गया है. विनेश कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हुसैनाबाद ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था है. जहां से सूचना मिल रही है, तत्काल वहां टीम भेजी जा रही है. गंभीर मरीजों को एंबुलेंस या अन्य साधनों से अनुमंडलीय अस्पताल लाने की व्यवस्था भी की जा रही है. उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात रूनी कुमारी, धीरज कुमार ग्राम कुशुआ, लंगरकोर्ट के बिगन राम व पोलडीह के शंकर राम शामिल हैं. प्रभारी ने बताया कि प्रभावित गांव में टीम भेज कर लोगों को इससे बचने के उपाय बताने के साथ कुछ जरूरी दावा भी दी गई है.

# हैदर नगर थाना क्षेत्र के दो गांवों में चोरी,ग्रामीणों दहशत

संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)

हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी पंचायत के सरगाड़ा गांव में शुक्रवार की मध्यरात अज्ञात चोरों ने अशोक कुमार सिंह के घर से लाखों रुपये की संपति चोरी कर भाग निकले. इस संबंध में भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि शुक्रवार की रात करीब 11. 30 से माध्यरात के बाद एक बजे के बीच बजे चोरों ने दीवार फांदकर उनके घर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. जिसमें दो सूटकेस जिसमें नगद राशि क्रमशः 23 हजार व दूसरे सूटकेस से 70 हजार रुपये नगद के अलावे कीमती साड़ी, दो पैंट शर्ट के अलावे सोने की चेन व कान की बाली, दो जोड़ी चांदी के पायल सहित अन्य आभूषण लाखों रुपये के गहने इस घटना में चोरी हो गई है. दूसरी घटना सिमरसोत गांव निवासी समसुद्दीन के घर में भी चोरी हुई है. इनके घर का बक्सा व अन्य सामान पास के खेत में फेंका मिला है.इन बक्सों से आभूषण, वस्त्र, नगद सहित करीब एक लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है. वहीं सिमरसोत गांव में ही बिंदू मेहता के ट्रैक्टर की बैटरी भी चोरों ने बीती रात चोरी कर ली है. एक ही रात तीन घरों में चोरी की घटना से आसपास के लोग भयभीत हैं. थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि भुक्तभोगियों के आवेदन पर पुलिस इन घटनाओं की छानबीन में जुटी है.

## ब्रीफ खबरें

### ईवीएम वेयरहाउस का डीसी ने निरीक्षण किया

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए.

### पीवीयूएनएल : पहली यूनिट बॉयलर का लाइट अप

**रामगढ़।** पीवीयूएनएल पतरातू ने शनिवार को अपने पहले यूनिट के बॉयलर का लाइट अप कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है. इस ऐतिहासिक अवसर पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह, महाप्रबंधक (संचालन एवं रखरखाव) भेल और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. यह उपलब्धि प्लांट की बिजली उत्पादन यात्रा में अहम भूमिका निभाएगी.

### मुस्कुराहटें संस्था ने ब्लीचिंग का छिड़काव किया

**रामगढ़।** मुस्कुराहटें संस्था द्वारा शनिवार को चितरपुर प्रखंड के नया मोड़ क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया. इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, मीडिया प्रभारी राज कुमार एवं माउंट स्टार एजुकेशन टेंपल स्कूल के प्रधानाध्यापक शंभु ठाकुर ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के कई कुआं व नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया. मौके पर माउंट स्टार एजुकेशन टेंपल स्कूल के निदेशक अनिकेत कुमार, प्रवीण कुमार, सुजाता कुमारी, संध्या कुमारी, शालिनी कुमारी, मानसी कुमारी, खुशी कुमारी, अनूप कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.

### इनर व्हील क्लब ने बच्चों के बीच बैग बांटे

**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा सुभाष चौक स्थित गर्ल्स स्कूल मे स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया. वहीं जॉली स्कूल, बिजुआलिया में बच्चों के बीच बैग का वितरण किया गया. स्पोर्ट्स कार्यक्रम को दो हिस्सो में बाटा गया था, जिसमें जूनियर व सीनियर सेक्शन के बच्चों के बीच स्पून रेस का आयोजन किया गया. रेस मे जीतने वाली लड़कियों को स्कूल बैग दिया गया. इसके अलावा सभी लड़कियों के बीच पेंसिल का वितरण किया गया. मौके पर अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर, अनुराधा श्रॉफ, स्वीटी सोनी, जसप्रीत कौर आदि उपस्थित थीं.

### 11वीं कृषि गणना का सर्वेक्षण कार्य आज से

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की निर्देश पर 11वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण का सर्वेक्षण कार्य के लिए शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे ने की. उन्होंने बताया कि 11वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण का सर्वेक्षण कार्य एक सितंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा. प्रशिक्षण ले रहे सभी अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देश दिया कि वास्तविक आंकड़े एकत्र करते हुए सर्वेक्षण कार्य को समय से पूरा करें.

---

अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई पंचायत ने धूमधाम से मनाई बाबा गणिनाथ गोविंद की जयंती

# वसुधैव कुटुंबकम सिद्धांत के समर्थक थे बाबा गणिनाथ : शेफाली

संवाददाता। हजारीबाग

अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई पंचायत द्वारा पूज्य संत शिरोमणि कुल देवता बाबा गणिनाथ गोविंद का 36वां वार्षिक जयंती समारोह सह पूजनोत्सव कार्यक्रम पैराडाइज रिसोर्ट में धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर बाबा गणिनाथ गोविंद की विधिवत पूजा-अर्चना की गया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुईं. जयंती समारोह में बाबा गणिनाथ की पूजा, झंडोत्तोलन एवं अभ्युदभगान कार्यक्रम आयोजित हुआ.

इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने बाबा गणिनाथ के आदर्शों एवं संदेशों को उपस्थित लोगों के बीच रखा. सभी ने जीवन पथ पर उनके आदर्श एवं संदेश को चरितार्थ करने का संकल्प लिया. तत्पश्चात बुजुर्ग, महिला एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के बाद धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई.


बाबा गणिनाथ गोविंद की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जुटीं समाज की महिलाएं.

**मांगलिक कार्य में बाबा गणिनाथ की होती है विशेष पूजा**

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गणिनाथ गोविंद का प्रकाट्य शनिवार को हुआ था. इसलिए शादी-विवाह व मांगलिक कार्य में उनकी विशेष पूजा शनिवार को होती है, जिसे सुंदरी पूजा कहते हैं. सुंदरी पूजा में 14 देवी-देवताओं की पूजा होती है. उन्होंने कहा कि बाबा गणिनाथ वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत के समर्थक थे. समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा, त्याग तथा परोपकार का संदेश देते थे.

कार्यक्रम में मध्यदेशीय वैश्य हलवाई नगर पंचायत, हजारीबाग के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, सचिव विवेक कुमार गुप्ता, उपसचिव रंधीर कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता उर्फ बिट्टू, संयोजक समिति के सदस्य महेश प्रसाद, युवा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष गुंजन कुमार गुप्ता, सचिव कुलदीप कृष्णा, उपसचिव अभिषेक राज, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, महिला मंडल की अध्यक्ष रीना किशोर, उपाध्यक्ष इंदु गुप्ता, सचिव किरण गुप्ता, उपसचिव आरती गुप्ता, प्रवक्ता मंजू गुप्ता, कोषाध्यक्ष रंजीता गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष अनीता गुप्ता सहित कई सदस्य शामिल रहे.

### जरूरतमंदों के लिए शुरू हुआ निःशुल्क खाना बैंक

**रामगढ़।** जरूरतमंदों व गरीबों के लिए शनिवार को खाना बैंक का शुभारंभ हुआ. सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस व उनकी धर्मपत्नी पूजा कुमारी ने शहर के लेप्रोसी कॉलोनी व उसके आस-पास के झुगियों के लोगों को बीच खाना वितरण किया. इस अवसर पर पुटूस ने कहा शुरू से ही हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है. खाना बैंक के माध्यम से हमलोग गरीबों को खाना उपलब्ध कराएंगे. इस मुहिम के तहत जल्द ही प्रतिदिन लगभग 500 लोगों को निःशुल्क खाना खिलाने का प्रयास किया जाएगा. मौके पर कैलाश महतो, सुरेंद्र राम, अमर बोदरा, अजय राम, पिंटू मालाकार, मल्लिका दत्ता, रघुवरण स्वामी, श्रीधर सिंह, मनीषा कौंडल, सिकंदर सोनी, सागर बेदिया, गौतम बेदिया, सरस्वती देवी के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित थे.

---

मनातू पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

# उमड़ी भीड़, 219 आवेदन आए

- शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के 140 आवेदन आए
- बड़कागांव विधायक भी लोगों की समस्याओं से रू-ब-रू हुईं

संवाददाता। केरेडारी

प्रखंड की मनातू पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का का शुभारंभ किया गया. प्रमुख सुनीता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य गीता देवी और उप प्रमुख अमेरिका महतो ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया. इस दौरान विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगा कर शिविर में आए पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी.

शिविर में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि सुधार, ऑनलाइन पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, केसीसी ऋण, आधार सुधार व नये रजिस्ट्रेशन, मुख्यमंत्री पशु धन योजना, राशन कार्ड सहित अन्य विभाग का स्टोर लगाया गया था. इस शिविर में कुल 219 आवेदन आए, जिसमें सबसे ज्यादा अबुआ आवास के 140, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के पांच, जॉब कार्ड वितरण के पांच और पेंशन स्वीकृति के 10 समेत अन्य योजनाओं के आवेदन शामिल थे. इस क्रम में लाभुकों के बीच कुल 39 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया.


लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी.

**लोगों की समस्याओं का समाधान करते दिखे बीडीओ**

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में बीडीओ अमित कुमार ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण किया और लागों की समस्याओं का समाधान करते भी दिखे. इस मौके पर प्रमुख सुनीता देवी ने लोगों से अपील की कि हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं और एक दूसरे को सहयोग कर लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी करें. मौके पर बड़कागांव विधायक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड व अंचल के कर्मी भी उपस्थित थे.


उग्र ग्रामीणों को समझाते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि.

## भुचुंगडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ विरोध

- पूर्व में लिये गये आवेदनों का अब तक निष्पादन नहीं करने का आरोप

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत सचिवालय में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी, चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ दीपक मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया. शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई. साथ ही कई लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया. मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो, झामुमो नेता जगरनाथ महतो, पंसस मीना कुमारी, पूर्व मुखिया शकुंतला देवी, चैतन्य महतो आदि मौजूद थे.

**कई ग्रामीणों ने विरोध किया :** भुचुंगडीह में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान कुछ ग्रामीणों ने कार्यक्रम का विरोध किया. ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया है, पर हमलोगों का कोई काम नहीं हो रहा है. ग्रामीणों से आवेदन लेकर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है.

### सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का लाभ उठाएं : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड की ईचातू पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देव, उप प्रमुख धर्मवीर महतो, भू-अर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, गंगा चौधरी, राकेश कुमार, 20 सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली सहित अन्य गणमान्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारियों द्वारा योजनाओं का लाभ देने लिए राज्य सरकार द्वारा आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने विशेषकर ग्रामीण जनता से शिविर में आकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. इस दौरान गणमाण्य लोगों विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया. शिविर में लाभुकों को अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, फूलो झानो योजना के तहत चेक दिया गया. वहीं, दर्जनों छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया.

## बरही का कोई भी गांव अंधेरे में नहीं रहेगा : उमाशंकर

- जेयूवीएनएल के एमडी केके वर्मा से रांची में मिले बरही के विधायक
- विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्याएं दूर करने की मांग की

संवाददाता। चौपारण

बरही विधानसभा का कोई भी गावं अंधेरे में नहीं रहेगा. सभी टोला, गांव में लगे बांस-बल्ली के पोल उखाड़े जायेंगे और नए पोल-तार लगाए जायेंगे. ट्रांसफार्मर की किल्लत भी दूर की जाएगी. उक्त बातें बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला ने कही. विधायक अकेला ने रांची में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केके वर्मा से मुलाकात की.

बरही विधायक ने प्रबंध निदेशक से बरही विधानसभा हेतु 200 केवीए, 100 केवीए एवं 63 केवीए के ट्रांसफार्मरों की मांग की. ज्ञात हो कि बारिश का मौसम होने के कारण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने की अधिक शिकायतें आ रही हैं. हजारीबाग में ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को तुरंत ट्रांसफार्मर नहीं मिल पाता है.


जेयूवीएनएल एमडी को मांग पत्र सौंपते विधायक उमाशंकर अकेला.

विधायक ने भगहर और भंडार गांव का बिजली कनेक्शन कोडरमा से बदल कर चौपारण सब स्टेशन से जोड़ने का मांग की है.

इस बैठक के दौरान प्रबंधक निदेशक ने बताया कि झारखंड ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत बरही विधानसभा के 114 टोलों में बिजली व्यस्था को सुदृढ़ीकरण करने का कार्य किया जाएगा. इसके तहत बांस-बल्ली के पोल उखाड़े जायेंगे और नए पोल व तार लगाए जायेंगे. लटके एवं उलझे हुए तारों को दुरुस्त किया जाएगा. मौके पर विधायक के साथ यदुनंदन यादव एवं अज्जू सिंह भी थे.

### सरकार आपके द्वार में शामिल नहीं होंगे : प्रमुख

**चौपारण।** प्रमुख पूर्णिमा देवी ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग नही लेंगे की घोषणा की है. उन्होंने प्रखंड के अन्य पंचायत समिति सदस्यों से भी कार्यक्रम में भाग नहीं लेने की अपील की है. प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकारी कार्यक्रम को राजनीतिक रूप दिया गया है. पार्टी विशेष प्रतिनिधियों को तवज्जो दिया जा रहा है. कहा, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की उन्हें कोई जानकारी नही दी गई. पंचायत समिति सदस्यों ने बताया कि बैठकों में हमलोगों द्वारा कई मामले उठाये जाते हैं, लेकिन एक भी मामले का समाधान नहीं होता है. पिछले कई बैठकों में हमारे समिति सदस्यों द्वारा उठाये गए मामलों को प्रस्ताव में नही लाया जाता. प्रमुख ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का शिकायत करेंगी.

---

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा प्रोजेक्ट की नई कमेटी का गठन

## सांसद चंद्रप्रकाश मुख्य संरक्षक जीएम विनोद कुमार अध्यक्ष बने

संवाददाता। रामगढ़

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा प्रोजेक्ट के सदस्यों ने शुक्रवार की देर शाम दुर्गा मंडप परिसर में बैठक की. इस दौरान इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया. सर्वसम्मति से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को कमेटी का मुख्य संरक्षक चुना गया. वहीं रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक विनोद कुमार को अध्यक्ष, रजरप्पा पीओ आरके सिंह व वाशरी पीओ उमेश कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया. कमेटी में सचिव गजेंद्र चौधरी, सह सचिव महेंद्र मिस्त्री व कोषाध्यक्ष झलकु महतो चुने गये. अब अगले बैठक में कमेटी का विस्तार किया जाएगा. बैठक के दौरान पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया गया. बैठक की अध्यक्षता रोशनलाल चौधरी व संचालन अनिल प्रसाद ने किया. मौके पर पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, रजरप्पा एसओपी मनोज कुमार, रविंद्र वर्मा, चंद्रेश्वर सिंह, आरपी सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, युगल किशोर, जगदीश महतो, शोभा बड़ाईक, धनेश्वर राम, जगन रविदास, देवेंद्र सिंह, शिवशंकर महतो, शंकर सिंह, किशुनलाल साव, प्रमोद चौधरी, विकास कुमार, भानु चौधरी, आदित्य वर्मा, निर्मल महतो सहित कई लोग मौजूद थे.



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की पहल पर जिला व निगम प्रशासन सक्रिय

## पगमिल में जलजमाव से लोगों को निजात दिलाने की पहल की

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग-चतरा मुख्य मार्ग पर पगमिल के पास जल जमाव के कारण सड़क की स्थिति बहुत ही नरकीय हो गई है. दो-तीन महीने से उक्त सड़क पर वाहन सवार गिर कर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जा रहे हैं. इधर, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के स्टेट कोऑर्डिनेटर सुजीत नागवाला के नेतृत्व में शुक्रवार को पगमिल के पास बीच सड़क पर ही पानी के बीच ग्रामीणों ने सुबह से शाम तक धरना प्रदर्शन किया था.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने डीसी नैंसी सहाय को फोन कर त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया. इसके बाद शनिवार की सुबह नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी सड़क पर जलजमाव का जायजा लेने पहुंचे. सदर सीओ, आरसीडी विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर भी पहुंचे और फिर तेजी से काम शुरू किया गया. प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हेमंत सरकार, केवल बोलने में नहीं, काम करके दिखाने में भी विश्वास रखती है. यह आम जनता की सरकार है. हजारीबाग की आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी उनके संज्ञान में आती है, तो उसका निराकरण जरूर करेंगे. वहीं, सुजीत नागवाला और इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का आभार जताया है.



## सरकार की लापरवाही से हो रही अभ्यर्थियों की मौत

- भाजपा नेता ने सरकार व प्रशासन पर लगाया आरोप, मुआवजा देने को कहा

संवाददाता। हजारीबाग

उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली भर्ती में एक अभ्यर्थी की मौत की सूचना पर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे. यहां उन्होंने मृतक अभ्यर्थी के परिजनों से मिल कर अपनी संवेदना व्यक्त की. भाजपा नेता ने कहा कि हजारीबाग के पदमा में उत्पाद सिपाही की दौड़ में गिरिडीह जिले की मानिकाबाद गांव के निवासी सूरज वर्मा के निधन का समाचार काफी पीड़ादायक है.

उन्होंने कहा कि सूरज अपने परिवारवालों की आंखों का एक चमकता हुआ तारा था. उसका जाना पूरे परिवार के लिए मुश्किल का समय है. संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं.


हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज में परिजनों को सांत्वना देते प्रदीप प्रसाद.

प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरकार की असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है. जहां दौड़ हो रही है, वहां पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई होती, तो आज हमारे प्रतिभावान बच्चे जीवित होते. उन्होंने हेमंत सरकार से आग्रह किया है कि इस तरह घटनाओं की तत्काल जांच की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए. साथ ही मृतक के परिजन को उचित मुआवजा देने की भी मांग की. भाजपा नेता ने न्यायालय से भी निवेदन किया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लें और पीड़ितों को न्याय दिलाएं.

---

## पूरे विश्व के मुसलमानों पर आला हजरत का एहसान

संवाददाता। रामगढ़

अंसाराबाद दुर्गी स्थित मदरसा अहले सुन्नत नूरुल इस्लाम में शनिवार को उर्स-ए-आला हजरत मनाया गया. उर्स की अध्यक्षता मदरसा के प्रिंसिपल हजरत मुफ्ती अब्दुल कुद्दूस और संचालन खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन रामगढ़ के जनरल सेक्रेटरी और मदरसा के शिक्षक कारी मुनौवर सैफी ने किया. उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में जहां-जहां सुन्नी मुसलमान हैं, वहां अकीदतमंदों ने उर्स-ए-आला हजरत का आयोजन किया है.

पूरे विश्व के मुसलमानों पर आला हजरत का एहसान है. जलसे को मुख्य रूप से नाशिर ए मसलके आला हजरत मौलाना इकबाल अहमद मिस्बाही एवं मौलाना सद्दाम हुसैन यजदानी ने संबोधित किया.



विश्व प्रसिद्ध शायर जनाब जमजम फतेहपुरी ने मनकबत-ए-आला हजरत पढ़ कर खूबसूरत समां बांधा. साथ ही साथ जनाब एजाज अर्शी ने भी कलाम पेश किया. मौके पर आला हजरत का कुल शरीफ किया गया. जलसे में मुख्य रूप से हाजी खलील अहमद, मुखिया मो मोकीम आलम, सदर गुलाम ताहा, सेक्रेटरी नसीर अहमद, मो इज्लाल, मो हसीब, मुन्ना अंसारी, मो रिजवान, मो फरीद, मो शहाबुद्दीन आदि उपस्थित थे.

**भक्ति** दिगंबर जैन भवन में मुनि श्री के सान्निध्य में तीन दिवसीय सामायिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ

# एक शुद्ध सच्चिदानंद स्वरूप का कारण परमात्मा हैं : विशुद्ध सागर

- शिविर के पहले दिन 250 महिलाएं व पुरुष शामिल हुए
- सभी ने सामायिक करने के बाद मुनि श्री की बातें सुनीं

संवाददाता। हजारीबाग

आचार्य गुरुवर 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में शनिवार को बड़ा बाजार स्थित दिगंबर जैन भवन में तीन दिवसीय सामायिक शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम 2 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 7:45 से 9:45 बजे तक चलेगा. सामायिक की प्रक्रिया में साधक एकाग्रतापूर्वक मन, वचन, काय की चंचलता को निरोध करके वस्त्र-शुद्धि, शरीर शुद्धि, और आसन शुद्धि कर आत्मचिंतन करेंगे.

इस अवसर पर मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज ने कहा कि एक शुद्ध बुद्ध सच्चिदानंद स्वरूप का कारण परमात्मा हैं. देह, मन, वाणी, मोह, राग-द्वेष आदि इनसे भिन्न हैं और ऐसा अनुभव करना वास्तव में सामायिक है. सामायिक में आरूढ़ मुमुक्ष जीव के सभी प्रकार के पाप आश्रवों का निरोध होकर सातिशय पुण्य का लाभ होता है. जैसे स्थिर जल में अपना रूप दिखाई देता है, वैसे ही स्थिर सामयिक प्रक्रिया में आत्म स्वरूप दिखाई देता है. तीन दिवसीय सामायिक शिक्षण शिविर के पहले दिन करीब 250 महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए. इस दौरान पुरुष श्वेत वस्त्र और महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण की हुई थीं. सभी ने एक साथ बैठकर सामायिक किया. इसलिए सभी ने एकाग्रता पूर्वक मुनि श्री की बातों को सुना और समझा.


बड़ा बाजार में मुनि श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज का प्रवचन सुनते शिष्य.

### आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर के चित्र का अनावरण

कार्यक्रम के शुरुआत में आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण समाज के अध्यक्ष धीरेंद्र जी सेठी, कोषाध्यक्ष अरुण जी बोहरा तथा अन्य वरिष्ठ सदस्यों में कमल जी विनायका, धर्मचंद जी विनायका, अशोक जी अजमेरा, ललित जी लुहाड़िया द्वारा किया गया. तत्पश्चात महाराज श्री की गृहस्थ अवस्था की माता मंजू दीदी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया. संगीत विनायका ने अपने मधुर आवाज में मंगलाचरण की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में मंच संचालन जय प्रकाश विनायका द्वारा किया. उक्त जानकारी राजेश लुहाड़िया ने दी.

